# <u>सत्र – 2014 - 2015</u>

**कक्षा – 6** **विषय–हिन्दी**

## नियत कार्य–2

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अक्षरों की खोज के साथ एक नए युग की शुरूआत हुई। आदमी अपने विचार और अपने हिसाब –किताब को लिखकर रखने लगा।तब से मानव को **सभ्य** कहा जाने लगा।आदमी ने जब से लिखना शुरू किया , तब से इतिहास आरंभ हुआ। किसी भी कौम या देश का इतिहास तब से शुरू होता है, जबसे आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लग जाते हैं। इस प्रकार इतिहास को शुरू हुए मुश्किल से छह हजार साल हुए हैं। उसके पहले के काल को **प्रागैतिहासिक** यानि इतिहास के पहले का काल कहते हैं।प्रागैतिहासिक मानव ने सबसे पहले चित्रों के जरिए अपने भाव व्यक्त किए जैसे– पशुओं. पक्षियों ,आदमियों आदि के चित्र। इन चित्र संकेतों से बाद में भाव–संकेत अस्तित्व में आए।

i) आदमी **सभ्य** कब कहा जाने लगा ?

क. जब विचारों को लिखित रूप में रखने लगा ख. जब आदमी हिसाब बनाने लगा

ग. जब अक्षरों की खोज करने लगा घ. जब नए युग की शुरूआत होने लगी

ii) **ऐतिहासिक लेख** प्राप्त हुए कितने वर्ष हो गए ?

क. चार सौ साल ख. पाँच सौ साल

ग. छह सौ हजार साल घ. छह हजार साल

iii) प्रागैतिहासिक मानव अपनी बातों को किस प्रकार व्यक्त करते थे ?

क. चित्रोंऔर भावों के माध्यम से ख लिखित माध्यम से

ग. हिसाब– किताब के माध्यम से घ. इनमें से कोई नहीं

iv) **प्रागैतिहासिक मानव** का क्या अर्थ है ?

क. इतिहास का मानव ख. इतिहास में वर्णित काल के पूर्व का मानव

ग. मानव के लिए बना हुआ इतिहास घ. मानव के लिखित कार्य का इतिहास

v) उपसर्ग–प्रत्यय युक्त शब्द छाँटिए।

क. असभ्यता ख सभ्यता ग. सभ्यतापूर्ण घ. असभ्य

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की है ?

ख. मोहन के **ऐसे –ऐसे** कहने पर माँ क्यों घबरा रही थी ?

ग. छोटू को सुरंग जाने की इज़ाज़त क्यों नहीं थी ?

घ.अक्षरों की खोज का सिलसिला कब और क्यों शुरू हुआ ?

ङ. केशव और श्यामा की जगह आप दोनों भाई–बहन होते तो चिड़िया की सुरक्षा के लिए क्या करते ?

3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मेहनत अपने लेख की रेखा , मेहनत से क्या डरना।<br>
कल गैरों की ख़ातिर की,आज अपनी ख़ातिर करना।।<br>
अपना दुख भी एक है साथी , अपना दुख भी एक।

अपनी मंज़िल   सच की मंज़िल , अपना रस्ता नेक ।।

क.  कवि और कविता का नाम लिखिए।

ख. आपके जीवन में मेहनत का क्या महत्व है ?

ग. आपकी मंज़िल  और रास्ता  कैसा होना चाहिए ?

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।

क. 'एक से एक मिले तो इंसां बस में कर ले किस्मत '— इस पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है ?

ख. चाँद के रूप—रंग, आकार और प्रकृति के बारे में बताइए।

ग. नीली पंखों वाली चिड़िया के कौन—कौन से गुण आपको अच्छे लगते हैं ?

घ. किस फिल्म के गीतकार ने साथी हाथ बढ़ाना गीत लिखा है ? संबंधित कविता की दो मनपसंद  पंक्तियाँ लिखिए।

ङ. झाँसी की रानी किन —किन सहेलियों के साथ खेला करती थी ?

5. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

क. चाँद , गुलाब ( विशेषण शब्द बनाएँ)

ख. आज कई बच्चे स्कूल नहीं आए हैं ।( विशेषण  शब्द छाँटकर भेद का नाम लिखिए)

ग.  मानव , ऊँचा  (भाववाचक संज्ञा शब्द बनाएँ)

घ. वीर , महोदया  (लिंग बदलिए)

ङ.रुपया , ऋतु  ( वचन बदलिए )

6. निम्नलिखित वषय पर  दिए गए संकेत बिंदुओं के आधर पर निबंध लिखिए।

**दिन—प्रति दिन बढता प्रदूषण**  संकेत बिंदु —  ॰प्रदूषण का अर्थ   ॰प्रदूषण के कारण  ॰प्रदूषण  के  प्रकार   ॰प्रदूषण का दुष्प्रभाव और समाधान

7. विद्यालय के प्रधानाचार्या को विद्यालय देर पहुँचने का कारण बताते हुए क्षमा—याचना  पत्र  लिखिए।

8. गृह—कार्य अधूरा होने के कारण छात्र और शिक्षक के बीच संवाद लिखिए।

—0—